
# शक्कर के दामों में 10 दिन में 16 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी

**खास बातें**

- फुटकर बाजार में 64 रुपए किलो तक पहुंची
- थोक में 60 रुपए किलो बिक रही शक्कर, त्योहारी सीजन में और महंगाई बढ़ने के आसार
- खाने के तेल की पैकिंग में भी नियमों की अनदेखी




नवभारत न्यूज

**विदिशा 18 अगस्त, त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेजी का असर अब आम उपभोक्ताओं की जेब पर दिखाई देने लगा है. पिछले करीब 10 दिनों में शक्कर के दाम में 16 रुपए प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी हुई है.थोक बाजार में जहां शक्कर करीब 60 रुपए किलो के भाव से मिल रही है, वहीं फुटकर दुकानों तक पहुंचते-पहुंचते इसके दाम 64 रुपए किलो तक वसूले जा रहे हैं.**

**शक्कर के मौजूद भाव**

- थोक बाजार -करीब 60 रुपए किलो
- फुटकर बाजार -करीब 64 रुपए किलो
- त्योहारों के साथ - दाम और बढ़ने की आशंका

व्यापारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में त्योहारों को देखते हुए शक्कर के दाम में और बढ़ोतरी की संभावना है. व्यापारियों के अनुसार पिछले करीब दो माह से सरकार की ओर से शक्कर का कोटा कम मिलने के कारण बाजार में आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके चलते शक्कर के दाम लगातार बढ़ रहे हैं।व्यापार महासंघ के पूर्व उपाध्यक्ष एवं किराना के थोक-फुटकर व्यापारी नीरज चौरसिया ने बताया कि सरकार से कम कोटा मिलने के कारण बाजार में शक्कर की उपलब्धता प्रभावित हुई है। उनका कहना है कि कंपनियां वर्तमान में एथनॉल के उत्पादन पर अधिक जोर दे रही हैं, जिससे शक्कर का उत्पादन प्रभावित हो रहा है.

### खाने का तेल भी हुआ महंगा

शक्कर के साथ खाने के तेल के दामों में भी तेजी देखी जा रही है. बाजार में निर्धारित नियमों के अनुसार फुल पैकिंग में तेल उपलब्ध कराया जाना चाहिए, लेकिन कई जगह कम मात्रा वाले पैकेट बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। बताया जा रहा है कि 910 मिलीलीटर के पैकेट के स्थान पर 700 और 800 मिलीलीटर के पैकेट बाजार में बेचे जा रहे हैं. इससे उपभोक्ताओं को वास्तविक कीमत और मात्रा की तुलना करने में परेशानी हो रही है.

### फुटकर दुकानदार परिवहन खर्च का दे रहे हवाला

शक्कर के थोक और फुटकर भाव में अंतर को लेकर व्यापारियों का कहना है कि परिवहन और अन्य खर्च बढ़ने के कारण फुटकर दुकानदारों को अधिक कीमत पर शक्कर बेचनी पड़ रही है. हालांकि बाजार में कुछ दुकानदार थोक भाव से करीब 5 रुपए तक अधिक कीमत वसूल रहे हैं. उपभोक्ताओं का कहना है कि महंगाई का हवाला देकर अलग-अलग दुकानों पर शक्कर के अलग-अलग दाम लिए जा रहे हैं.

### नई नीति के पालन पर भी सवाल

व्यापारियों का कहना है कि खाने के तेल की नई पैकिंग नीति का भी पूरी तरह पालन नहीं हो रहा है. वहीं, शक्कर के मामले में भी आपूर्ति और कीमतों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। नीरज चौरसिया के मुताबिक मिल मालिक मौजूदा परिस्थितियों का फायदा उठा रहे हैं. उन्होंने आशंका जताई कि यदि शक्कर की आपूर्ति सामान्य नहीं हुई और कोटा नहीं बढ़ाया गया तो आने वाले दिनों में खाद्य पदार्थों के दाम और बढ़ सकते हैं.

# मंडी में सरकारी गेहूं से भरा ट्रक मिलने की आशंका

- एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर शुरू कराई जांच
- जांच के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति होगी स्पष्ट



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 18 अगस्त, कृषि उपज मंडी में मंगलवार को गेहूं से भरे ट्रक में सरकारी अनाज होने की आशंका के बाद मामला गर्मा गया. सूचना मिलने पर एसडीएम ओम नारायण बडकुल मौके पर पहुंचे और ट्रक की जांच शुरू कराई. फिलहाल ट्रक में मौजूद बोरियों की गणना के साथ पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है. जांच पूरी होने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.**

कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री मोहन रघुवंशी ने बताया कि उन्हें मंडी परिसर में गेहूं से भरा एक ट्रक दिखाई दिया. ट्रक में रखी बोरियों को देखकर उन्हें सरकारी अनाज होने की आशंका हुई. उन्होंने तत्काल इसकी सूचना कलेक्टर को दी. कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय प्रशासन को जांच के निर्देश दिए. इसके बाद एसडीएम ओम नारायण बडकुल मौके पर पहुंचे और अधिकारियों की मौजूदगी में ट्रक की जांच-पड़ताल शुरू कराई. एसडीएम को मंडी में देखकर मंडी के अधिकारी और व्यापारी भी मौके पर आ गए. इस दौरान ट्रक में रखी अनाज की बोरियों की जांच शुरू की गई. एसडीएम ओम नारायण बडकुल ने बताया कि मंडी में गेहूं से भरे ट्रक को लेकर सूचना मिली थी. मामले की जांच की जा रही है और ट्रक में मौजूद बोरियों की गणना भी कराई जा रही है. जांच के बाद ही मामले की पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

## तिरंगा हाथ में लेकर शहीद हो गए आजादी के दीवाने

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा.** बाबूलाल चाचा साहित्यकार भवन में नगर के सृजनशील रचनाकारों ने हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान को उत्साह और उमंग के साथ समारोहपूर्वक मनाया. इस दौरान देशभक्ति के तरानों से पूरा सभागार गूंज उठा.भारतीय संस्कृति के गौरवगान में सिद्धहस्त युवा कवि पंकज नामदेव ने ध्वज वंदन किया. कार्यक्रम में साहित्यकार संघ के संरक्षक एवं सृजन परिदृश्य के संपादक चंद्र कुमार तारण ने तिरंगे के इतिहास और उसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला.कार्यक्रम में गजलकार फहीम बासोदवी, प्रोफेसर ऋषभ कुमार, डॉ. महेंद्र प्रताप मेहता, राकेश जैन विद्युत, ऋषभ जैन बिंदास, ओपी प्रजापति, अशोक साहब पेंटर, कमलेश बंसल, पंकज नामदेव, अनिल त्रिपाठी, राजेश भारद्वाज, वेदराज, निहाल सिंह पंथी, ओमप्रकाश श्रीवास्तव सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

# विद्युत विभाग का कारनामा, कनेक्शन से पहले ही पहुंचा बिजली बिल

**मीटर नहीं लगा, बिजली भी नहीं जली**

**फिर भी बिल में निरीक्षण और यूनिट खपत का उल्लेख**

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 18 अगस्त, विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर एक अजीब मामला सामने आया है. एक विद्युत उपभोक्ता ने नया कनेक्शन लेने के लिए आवेदन किया था. विभाग की ओर से उसे बताया गया कि कनेक्शन होने की सूचना बाद में दी जाएगी. लेकिन कनेक्शन होने और मीटर लगाए जाने से पहले ही उपभोक्ता के घर बिजली का बिल पहुंच गया.**

बिल देखकर उपभोक्ता हैरान रह गया. बिल में निरीक्षण किए जाने का उल्लेख था और उसमें बिजली की यूनिट खपत भी दर्ज थी. जबकि उपभोक्ता के अनुसार उसके यहां न तो विद्युत कनेक्शन हुआ है और न ही मीटर लगाया गया है. ऐसे में बिना कनेक्शन और मीटर के बिजली की खपत कैसे दर्ज हो गई, यह सवाल खड़ा हो गया है.मामले की जानकारी लेने के लिए उपभोक्ता विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय पहुंचा और अधिकारियों के सामने पूरी स्थिति रखी. उपभोक्ता ने सवाल किया कि जब उसके यहां अभी तक कनेक्शन ही नहीं हुआ, तो बिल में निरीक्षण और बिजली की खपत का विवरण कैसे दर्ज किया गया.विद्युत कंपनी के अधिकारी ने मामले की जांच कराने की बात कही. अधिकारी के अनुसार, आवेदन की राशि जमा होने के बाद संभव है कि जानकारी कंप्यूटर रिकॉर्ड में दर्ज हो गई हो. वहीं बिल में निरीक्षण का उल्लेख कैसे हुआ और यूनिट खपत किस आधार पर दर्ज की गई, इसकी जांच की जाएगी.मामले की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि कनेक्शन और मीटर लगने से पहले उपभोक्ता के नाम बिजली की खपत का बिल कैसे जारी हुआ.

# जिला स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न



- बासौदा और नटेरन की टीमों का दबदबा
- प्रतिभावान खिलाड़ी संभाग के लिए चयनित

नवभारत न्यूज

**विदिशा. स्थानीय जिला खेल परिसर के मल्टीपरपज हॉल में स्कूल शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के अनुसार जिला स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता बालक वर्ग का सफल आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में जिले के सात ब्लॉकों से आए 254 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. गंजबासौदा और नटेरन की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में खिताब अपने नाम किए.**

अंडर-14 वर्ग में गंजबासौदा की टीम ने नटेरन को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया. वहीं अंडर-17 वर्ग में नटेरन की टीम ने गंजबासौदा को पराजित कर खिताब अपने नाम किया. अंडर-19 वर्ग का मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें गंजबासौदा ने विदिशा की टीम को हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया.प्रतियोगिता के दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रशांत रघुवंशी, ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी अंबेश सोनी, माध्यमिक खेल शिक्षक पंकज भार्गव, शशांक शर्मा, निशंक जैन एवं मनीष अहिरवार सहित अनेक खेल प्रशिक्षक मौजूद रहे. उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया.ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी जे.एस. ठाकुर ने बताया कि बालक वर्ग के मुकाबले संपन्न हो चुके हैं. प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी अब संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे.




# सेंट मैरी पीजी कॉलेज में करीब 300 छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने कराया रक्त-समूह परीक्षण

- किया गया रक्त-समूह का परीक्षण

नवभारत न्यूज

**विदिशा. स्थानीय सेंट मैरी पीजी कॉलेज विदिशा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 18 अगस्त 2026 को रक्त-समूह परीक्षण शिविर आयोजित किया गया.**

संस्था संचालक फादर सिंटो वर्गीज एवं प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सचान के निर्देशन तथा कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अरविंद द्विवेदी एवं प्रो. दीपा राठौर के मार्गदर्शन में विकास पचौरी समाजसेवी एवं उनकी टीम ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ का रक्त-समूह परीक्षण किया.शिविर में करीब 300 छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने अपना रक्त-समूह परीक्षण कराया. आयोजकों ने बताया कि रक्त-समूह की जानकारी आपातकालीन परिस्थितियों में उपयोगी होती है. इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के साथ सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत करते हैं.

# तरावली से शमशाबाद तक भगवा ध्वज और तिरंगे के साथ निकली कावड़ यात्रा

नवभारत न्यूज

**शमशाबाद.** हिंदू उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली भव्य कावड़ यात्रा इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और देशभक्ति के उत्साह के साथ निकाली गई. हरसिद्धि माता तरावली से कावड़ियों ने जल भरकर करीब 42 किलोमीटर की यात्रा तय की और शमशाबाद पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर यात्रा का समापन किया.

42 किलोमीटर के मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने कावड़ियों का फलाहार कराकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया. शमशाबाद में नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी ने कावड़ियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया. वहीं बेरसिया में पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह, समाजसेवी रामगोपाल गुप्ता डल्लू भैया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नरेंद्र शर्मा, कांग्रेस नेत्री राजकुमारी केवट सहित अन्य लोगों ने यात्रा का स्वागत किया.नहरयाई सरपंच धर्मेंद्र यादव, मोहनपुरा के प्रेम सिंह धाकड़, बांके बिहारी मित्र मंडल, योग समिति सहित अनेक संगठनों और ग्रामीणों ने भी विभिन्न स्थानों पर कावड़ियों का स्वागत किया.




### 81 किलो की कावड़ रही आकर्षण का केंद्र

यात्रा में युवाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही. 81 किलो की कावड़ विशेष आकर्षण का केंद्र रही. इसके अलावा श्रद्धालु 51, 31 और 21 किलो की कावड़ में जल लेकर यात्रा में शामिल हुए.हिंदू उत्सव समिति द्वारा पिछले 15 वर्षों से लगातार कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. यात्रा के आयोजन में रिंकू भार्गव, कंछेदी कुशवाह, मदन कुशवाह, गणेश खटीक, संतोष साहू, रिंकू जैन, दीपक मेहर, कुलदीप शर्मा, संजय साहू, अशोक शर्मा, दिनेश शर्मा, गोपाल साहू, लोकेंद्र राजपूत, रमेश सेन, बीरू राजपूत, महेंद्र राजपूत सहित समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा.

# जनसुनवाई में तत्काल कार्रवाई, दो पात्र हितग्राहियों को मिला खाद्यान्न योजना का लाभ

- आवेदन का मौके पर परीक्षण कर स्वीकृति
- पात्रता पर्ची के जरिए मिला राशन का लाभ

नवभारत न्यूज

**विदिशा,कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है. इसी क्रम में जनसुनवाई के दौरान प्राप्त दो आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों को शासकीय खाद्यान्न योजना का लाभ दिलाया गया.**

ग्राम मानोरा, तहसील ग्यारसपुर निवासी सुमित प्रजापति ने राशन पात्रता पर्ची के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था.आवेदन के परीक्षण में उन्हें भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल की श्रेणी में पंजीकृत होने के कारण पात्र पाया गया.इसके बाद मौके पर ही आवेदन को स्वीकृति प्रदान कर पात्रता पर्ची के माध्यम से राशन योजना का लाभ दिलाया गया. इसी तरह ग्राम भौरा, तहसील सिरोंज निवासी गुलाब सिंह ने जाति प्रमाण-पत्र के आधार पर पात्रता पर्ची जारी करने के लिए आवेदन दिया. परीक्षण के बाद पात्र पाए जाने पर उनका आवेदन भी तत्काल स्वीकृत किया गया और उन्हें शासकीय खाद्यान्न योजना का लाभ प्रदान किया गया. जनसुनवाई में आवेदनों के त्वरित निराकरण से दोनों हितग्राहियों को बिना किसी अनावश्यक विलंब के शासन की कल्याणकारी योजना का लाभ मिल सका.

# प्रेमचंद जयंती सम्पन्न, तुलसी और कबीर जैसी मान्यता है प्रेमचंद की

नवभारत न्यूज

**विदिशा. पं. गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास द्वारा महान उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर 'सत्ता, धर्म और समाज' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई. माहेश्वरी ट्रस्ट धर्मशाला, तलैया में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रेमचंद के साहित्य, सामाजिक चिंतन और मानवीय सरोकारों पर विस्तार से विचार रखे.**



गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष एवं महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व प्रतिकुलपति प्रोफेसर चितरंजन मिश्र ने कहा कि समाज, धर्म और विचारधारा जब कट्टर हो जाते हैं तो वे मनुष्यता के शत्रु बन जाते हैं. हिंदी समाज में प्रेमचंद को तुलसी और कबीर जैसी लोकप्रियता प्राप्त है. उन्होंने कहा कि प्रेमचंद अपने पात्रों की पारिवारिक और सामाजिक स्थिति के साथ उनकी आर्थिक परिस्थितियों को भी प्रमुखता देते हैं. उनके साहित्य में समानता, श्रम और मानवीय संवेदनाओं को विशेष स्थान मिला है.

प्रोफेसर मिश्र ने कहा कि प्रेमचंद के निशाने पर वह व्यवस्था थी, जो आम इंसान को पीसती है. चाहे वह सामाजिक व्यवस्था हो या धार्मिक. उनका संपूर्ण लेखन ऐसी व्यवस्था के विरुद्ध दिखाई देता है.न्यास के अध्यक्ष एवं ख्यात कवि-आलोचक डॉ. विजय बहादुर सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि 'कफन' जैसी कहानी के माध्यम से प्रेमचंद ने समाज के सामने गंभीर सवाल खड़े किए हैं. जिस समाज में अन्याय को स्वीकार कर लिया जाता है, वह समाज बीमार हो जाता है. प्रेमचंद का लेखन मनुष्यता को प्राथमिकता देता है और आज की सामाजिक व्यवस्था में प्रेमचंद का होना किसी चमत्कार से कम नहीं है.

कार्यक्रम के प्रारंभ में न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद देवलिया ने विषय की प्रस्तावना रखी. अतिथियों ने मां शारदा एवं मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.इस अवसर पर मध्यप्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री राघवजी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति शाह, वरिष्ठ कवि कालूराम पथिक, श्याम सुंदर शर्मा, एडवोकेट प्रकाश जोशी, एस.एस. श्रीवास्तव, कवि बृज श्रीवास्तव, आचार्य शिवकुमार तिवारी सहित साहित्य एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.अतिथियों का स्वागत समाजसेवी कमल शिलाकारी, अरविंद द्विवेदी, चक्रवर्ती जैन, अनंत सिंह, भरत लड्ढा, राजकुमार गुप्ता एवं सुदिन श्रीवास्तव ने किया. कार्यक्रम का संचालन शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राध्यापिका नीतू दांगी ने किया तथा आभार न्यास के सह सचिव अरविंद द्विवेदी ने व्यक्त किया.

**आयोजन** | **एसएटीआई में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

# विद्यार्थियों को स्वरोजगार, एमएसएमई योजनाओं और वित्तीय सहायता की दी जानकारी

नवभारत न्यूज

**विदिशा. सम्राट अशोक अभियांत्रिकीय संस्थान (इंजीनियरिंग कॉलेज), विदिशा में एमएसएमई विकास कार्यालय, इंदौर एवं संस्थान के इन्क्यूबेशन सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 18 अगस्त 2026 को उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को उद्यमिता, स्वरोजगार, एमएसएमई योजनाओं, वित्तीय सहायता, कौशल विकास एवं बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना था.**




संस्थान के निदेशक डॉ. वाय.के. जैन ने बताया कि विद्यार्थियों के नवाचार एवं व्यावसायिक विचारों को सफल उद्यम में बदलने के उद्देश्य से भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से ऋस्क्रयोजना के अंतर्गत संस्थान में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किया गया है.एमएसएमई विकास कार्यालय इंदौर के सहायक निदेशक ग्रेड-1 निलेश त्रिवेदी ने स्वरोजगार के अवसरों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी. उन्होंने एग्जिबिशन सहायता, ट्रेडमार्क, पेटेंट एवं इनोवेशन तथा उद्यम पंजीकरण जैसी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया. सहायक निदेशक आर.के. मोहनानी ने उद्यमिता के महत्व और एमएसएमई योजनाओं से मिलने वाले लाभों की जानकारी साझा की.संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. आशीष मनोरिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनके नवाचार, कौशल एवं व्यावसायिक विचारों को वास्तविक उद्यम में बदलने के लिए प्रेरित करते हैं. उन्होंने बताया कि संस्थान का इन्क्यूबेशन सेंटर इस दिशा में विद्यार्थियों को निरंतर मार्गदर्शन उपलब्ध करा रहा है.कार्यक्रम में एलडीएम विदिशा बी.एस. बघेल, सहायक निदेशक उद्योग जयंती कुमारी, संजय सिंह यादव, डॉ. दिव्या ऋषि साहू, डॉ. ओमकार तिवारी, रामचंद्र वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे. अतिथियों ने वित्तीय सहायता, कौशल विकास, स्वरोजगार के अवसर और बैंकिंग सुविधाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी.

कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. समापन अवसर पर प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उद्यमिता, स्वरोजगार, वित्तीय सहायता एवं सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रश्न पूछे. अतिथियों ने प्रश्नों के समाधान के साथ प्रतिभागियों को उपलब्ध योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया.

## सैकड़ों कांग्रेसी नेताओं की हो सकती है घर वापसी

नवभारत न्यूज

**पठारी.** तहसील क्षेत्र में कुछ समय पहले कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए कई नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच अब असंतोष की चर्चाएं सामने आ रही हैं. राजनीतिक कार्यक्रमों में अपेक्षित मान-सम्मान और पद नहीं मिलने को लेकर नेताओं में अंदरूनी उथल-पुथल की स्थिति बताई जा रही है. सूत्रों के अनुसार, पूर्व में कांग्रेस के कई कद्दावर नेता भाजपा में शामिल हुए थे, लेकिन अब इनमें से कुछ नेताओं का भाजपा से मोहभंग होने की चर्चा है. ऐसे में उनके कांग्रेस में वापस लौटने की अटकलें तेज हो गई हैं.

MADHYA BHARAT INSTITUTE OF LEGAL STUDIES
APPROVED TO BCI, AND HIGHER EDUCATION.GOVT OF M.P.
AFFILIATED TO BARKATULLAH UNIVERSITY
Gulabganj- District Vidisha (M.P.)
Contact No-7000478308
Email ID-mbpc@gmail.com
REQUIRED UNDER COLLEGE CODE-28
SUBJECT TEACHER SATAFF

| S NO | Course | Subjects | Post (Nos.) |
|---|---|---|---|
| 01 | B.A.LLB | ENGLISH, HINDI, LAW | 04 |
| 02 | LLB | LAW | 04 |

Qualification & Pay Scale as per BCI & State Govt., Norms please Send recent Resume & along with passport Size Photograph & Testimonials to the following address latest by days